Roll No. .... Total Pages : 6

5385-A3

M.A. (Final) Examination, 2016

HINDI LITERATURE

Paper–V

(रचनाकार का विशेष अध्ययन-निर्मल वर्मा)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

(खण्ड–अ) [Marks : 20

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 50 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

(खण्ड–ब) [Marks : 50

प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न चुनते हुए, कुल **पाँच** प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 250 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

(खण्ड–स) [Marks : 30

कोई **दो** प्रश्न कीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 शब्दों से अधिक न हो। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

सभी प्रश्न क्रमवार ही हल करें।

खण्ड–अ

इकाई–I

1. (क) निर्मल वर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(ख) निर्मल जी के कोई **दो** कहानी संग्रहों के नाम लिखिए।

इकाई–II

(ग) 'वे दिन' उपन्यास कब लिखा गया?

(घ) 'वे दिन' उपन्यास में किस देश की पृष्ठभूमि चित्रित है?

इकाई–III

(ङ) 'दहलीज' कहानी में आए कोई **चार** पात्रों के नाम लिखिए।

(च) 'लवर्स' कहानी में किन पहाड़ियों का चित्रण हुआ है?

इकाई–IV

(छ) 'चीड़ों पर चाँदनी' किस विधा के अंतर्गत आती है?

(ज) 'चीड़ों' पर चाँदनी पुस्तक का प्रकाशन वर्ष क्या है?

इकाई–V

(झ) निर्मल वर्मा के कोई **चार** उपन्यासों के नाम लिखिए।

(ञ) निर्मल जी के कोई **चार** निबंध संग्रहों के नाम बताइए।

खण्ड–ब

इकाई–I

2. निर्मल वर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का परिचय दीजिए।

अथवा

3. निर्मल वर्मा के साहित्यिक चिंतन पर अपने विचार उदाहरण सहित प्रस्तुत कीजिए।

इकाई–II

4. "इस उपन्यास के पात्र, निर्मल जी के अन्य कथा-चरित्रों की तरह सबसे पहले व्यक्ति हैं, लेकिन मनुष्य के तौर पर वे कहीं भी कम नहीं हैं, बल्कि बढ़कर हैं।" इस कथन के आलोक में 'वे दिन' उपन्यास की समीक्षा कीजिए।

अथवा

5. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

"एक उम्र में यह विचार बहुत रुआँसा लगता है कि कोई खाली-खाली-सा होकर तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहा हो....एक संग बहुत सुख-सा भी होता है–बाद में। बाद में लगता है, तुम सबसे अलग हो। तुम एकदम बड़े हो गए हो.....और यह असम्भव-सा लगता है कि जिस घड़ी तुम सो रहे हो उस घड़ी कोई तुम्हारी बाट जोह रहा है .....तुम्हें अचानक पहली बार अपनी अनिवार्यता का पता चलता है।

और उस कातर-से डर का......जिसमें पहली बार तुम्हारे माँ-बाप साँझा नहीं करते.....तुम्हारे मित्र भी नहीं। वह डर कुछ वैसा ही विस्मयकारी है, जब पहली बार तुम किसी हवाई कम्पनी के पैम्फलेट में ये शब्द देखते हो– "Once in the sky, you are on your own."

इकाई–III

6. 'लवर्स' कहानी की मूल भावना को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

7. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

''जैसे तुमने मुझे लिखा था।.....मैंने उसे कई बार पढ़ा है, निंदी...... यह गलत है, सच, बहुत गलत है, निंदी!-उसने मेरी ओर देखा। उसके बाल बहुत रूखे हैं और होंठों पर हल्की, बहुत हल्की लिपस्टिक है, जैसे वह लिपस्टिक न हो, सिर्फ होठों का रंग ही तनिक गहरा हो गया हो। वह मेरी ओर देख रही है-निंदी, तुम.....उसने आगे कुछ कहा, जो बहुत धीमा था। मैंने उसकी ओर देखा। उसने अपनी दो उँगलियों में रूमाल कसकर लपेट लिया था-निंदी, सच तुम पागल हो!......मैंने कभी ऐसा नहीं सोचा। नॉट इन दैट वे!''

इकाई–IV

8. 'चीड़ों पर चाँदनी' पुस्तक में आए किसी एक यात्रावृत्तांत का सारांश लिखिए।

अथवा

9. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

''यह बेचैनी एक हद तक उस बेचैनी से मिलती है, जो बहुत पहले मान और काफ्का की कथाओं को पढ़ने से होती थी। आज सोचता हूँ, तो आश्चर्य होता है कि मैंने इस 'बेचैनी' को यूरोप आने से पूर्व कभी ठीक से समझने का प्रयत्न नहीं किया। यह आकस्मिक नहीं है कि दोनों लेखक मध्य यूरोप के दो अलग-अलग भागों से संबंधित थे-जर्मनी और चेकोस्लोवाकिया। यहाँ से गुजरते हुए पहली बार महसूस होता है कि यूरोप का यह खंड जिंदगी के उन अज्ञात, गोपनीय रहस्यों से गुम्फित है, जिन्हें आज तक फ्रांस, इंग्लैण्ड या स्पेन ने स्पर्श नहीं किया।''

इकाई–V

10. ''निर्मल वर्मा के पात्र रिश्तों को जीते हैं, गहन संवेदनाओं के केनवस पर विचारों के ब्रुश चलाते हैं और अनुभूतियों के स्पर्श से चित्रों को साकार करते हैं।'' उक्त कथन के आधार पर उनकी कहानियों में आए पात्रों के व्यक्तित्व की समीक्षा कीजिए।

अथवा

11. ''निर्मल वर्मा के पात्र अपने अकेलेपन को पूरे अहसास के साथ जीते हैं।'' इस कथन की समीक्षा वर्मा जी के कथा साहित्य के आधार पर कीजिए।

खण्ड–स

इकाई–I

12. 'निर्मल वर्मा के तमाम सृजन का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष अंतर्वैयक्तिक संबंधों के बीच निहित आत्मीयता और सहजता का चित्रण है।' उक्त कथन की समीक्षा कीजिए।

इकाई–II

13. 'वे दिन' उपन्यास में आई नारी पात्रों का विश्लेषण कीजिए।

इकाई–III

14. 'जलती झाड़ी' कहानी की समीक्षा कहानी तत्त्वों के आधार पर कीजिए।

इकाई–IV

15. 'ब्रेख्त और एक उदास नगर' पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

इकाई–V

16. निर्मल वर्मा की भाषा-शैली पर एक उदाहरण सहित टिप्पणी लिखिए।